हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 मार्च 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 23 को


12 30 हजार बकायादारों के मोबाइल नंबर गलत...


## खबर संक्षेप

### नगर में खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव 10 को

**थानखम्हरिया।** नगर में भक्तिभाव एवं उल्लास के साथ खाटू वाले श्याम प्रभु का रंगीला फागुन महोत्सव 10 मार्च को संध्या 7:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री श्याम परिवार के सौजन्य से शुभम मोटर्स प्रांगण में होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायिकाएं पूनम सुरेखा (बिहार) एवं सीमा सराफ (कोलकाता) अपनी सुमधुर भजन प्रस्तुति से माहौल को भक्तिरस से सराबोर करेंगी। इस अवसर पर अखंड ज्योति प्रज्वलित कर विशेष श्याम भोग अर्पित किया जाएगा। भक्तों के लिए अलौकिक श्याम दरबार को भव्य रूप से सजाया जाएगा, जहां खाटू वाले श्याम प्रभु के भक्त श्रद्धा और आस्था के साथ दर्शन कर सकेंगे। साथ ही विशाल निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो शुभम मोटर्स से प्रारंभ होकर गौरव पथ, चिंटू होटल, ब्राह्मण पारा, गोल बाजार, जय स्तंभ चौक, मुरारका चौक, गणेश ट्रेडर्स होते हुए कन्याशाला रोड से पुनः शुभम मोटर्स पहुंचकर संपन्न होगी। शुभम मोटर्स के प्रो. रूद्रेश अग्रवाल ने श्याम प्रेमियों से इस भक्तिमय आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है।



### कलेक्टर चंद्रवाल ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**बालोद।** इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जगतरा में स्थित वेयर हाउस गोदाम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत जिले के धान संग्रहण केन्द्रों से वेयर हाउस गोदाम में जमा किए जा रहे धान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को वेयर हाउस गोदाम के कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### कुएं में गिरे गाय व सांड़ को बाहर निकालने करनी पड़ी मशक्कत

**बालोद।** दल्लीराजहरा वार्ड क्रमांक 24 में स्थित एक गहरे सूखे कुएं में एक सांड़ गिर गया, वहीं एक गाय भी गिर गई। इसकी सूचना वार्डवासियों ने गौ सेवा समिति के सदस्यों को दी। जानकारी मिलते ही गौ सेवा समिति के सदस्य घटना स्थल पहुंचे। वहां पर उन्होंने मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर गाय और सांड को निकालने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति सामान्य नहीं थी। उन्होंने मदद के लिए दल्ली राजहरा के बीएसपी के अग्निशमन विभाग से संपर्क किया। वहीं, अथक प्रयास से लगभग ढाई घंटा मेहनत के बाद गाय और सांड को सकुशल निकाल गया।

**आयोजन : जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में हुआ शपथ ग्रहण समारोह**

# बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष विजय व पार्षदों ने ली शपथ, लिया नगर विकास का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में बेमेतरा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा और नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपने पद की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल उपस्थित थे। साथ ही बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, पूर्व साजा विधायक लाभचंद बाफना, पूर्व बेमेतरा के विधायक अवधेश चंदेल, अजय साहू, राजेंद्र शर्मा, प्रहलाद रजक सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को शुभकामनाएँ देते हुए नगर के विकास और कल्याण के लिए उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक, स्थानीय नेता और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा ने नगर पालिका अध्यक्ष पद की शपथ ली। उसके बाद पार्षदों ने बारी-बारी से शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान, प्रमुख अतिथि सांसद विजय बघेल और विधायक दिपेश साहू ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने

### कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद बघेल कहा एकजुट होकर करें बेहतर काम




अपने संबोधन में नगर के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में सहयोग देने का आश्वासन दिया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि वे नगर के विकास के लिए केंद्र सरकार से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे, ताकि नगर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो और नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। उन्होंने कहा कि नगर की बुनियादी सुविधाओं में एक जुट हो कर बेहतर काम करें।समारोह का समापन नगर के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ हुआ, जिससे बेमेतरा नगर के भविष्य की नई आशाएं और संभावनाएं जुड़ी हैं। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के पूर्व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिससे समारोह का माहौल और भी उल्लासपूर्ण बन गया। दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ और उसके बाद शाम 4 बजे से शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दें : दीपेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दिपेश साहू ने राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नगर के विकास में शामिल करने का संकल्प लिया और नगर की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का वादा किया। दोनों अतिथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों से आग्रह किया कि वे नगर की समस्याओं को समझते हुए पारदर्शी और जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नगर का विकास सभी वर्गों के समन्वय से ही संभव है और सभी निर्वाचित सदस्यों को एकजुट होकर नगर के हित में कार्य करना चाहिए। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विजय सिन्हा ने नगर के विकास, स्वच्छता, और नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के प्रति अपने समर्पण को प्रकट किया और कहा कि वे पार्षदों के साथ मिलकर बेमेतरा नगर को एक आदर्श नगर बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

# नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षदों ने किया कार्यक्रम का बहिष्कार



हरिभूमि न्यू ▶▶| बेमेतरा

- अधिकारियों पर कार्यक्रम का भाजपाईकरण करने का लगाया आरोप

कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षदों ने मंडी परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया । उन्होंने नगर पालिका प्रशासन पर आरोप लगाया कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रशासनिक आयोजन होता है, परंतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का प्रशासन ने भाजपाईकरण कर दिया है। समारोह स्थल पर भाजपा का झंडा, बैनर लगाया गया है। यह आयोजन भाजपा समर्थित अध्यक्ष व पार्षदों का नहीं अपितु जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों का होना था, जिसे पार्टी का आयोजन बना दिया गया। कांग्रेस के पार्षदों ने यह आरोप भी लगाया कि समारोह का आमंत्रण केवल भाजपा के जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को ही दिया गया, विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रण देना भी प्रशासन ने उचित नहीं समझा।

पार्षदों ने अपनी शिकायत में कहा कि लोकतंत्र में जनता द्वारा दिया गया मत ही सर्वोपरि होता है, परंतु प्रशासन द्वारा जिस तरह से शपथ ग्रहण का राजनीतिकरण किया गया, उससे जनता का भी अपमान हुआ है। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर कांग्रेस पार्षदों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैय्या बरतने का भी आरोप लगाया है।

# सेमीफाइनल में भारत की जीत पर क्रिकेट प्रेमियों ने मनाया जश्न, जमकर फूटे पटाखे



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखम्हरिया

- प्रोजेक्टर स्क्रीन पर सैकड़ों दर्शकों ने देखा रोमांचक मुकाबला

भारतीय क्रिकेट टीम की शानदार जीत पर पूरे देश में जश्न का माहौल है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के साथ टीम इंडिया ने 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया, जिससे क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

थान खमरिया के वार्ड क्रमांक 2 में विशेष रूप से एक बड़ी स्क्रीन (प्रोजेक्टर) लगाई गई, जहाँ सैकड़ों क्रिकेट प्रेमियों ने एकत्रित होकर मैच का रोमांचपूर्ण आनंद लिया। जैसे ही भारत ने जीत दर्ज की, पूरा नगर "भारत माता की जय" और "विजय भारत" के नारों से गूंज उठा। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर और आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की। इस आयोजन को और अधिक आनंदमय बनाने के लिए दर्शकों के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था की गई थी। मैच के दौरान क्रिकेट प्रेमियों ने हर चौके-छक्के पर तालियों और जयकारों से स्टेडियम जैसा माहौल बना दिया। वहीं, मैच की समाप्ति के बाद नगर में जमकर आतिशबाजी की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में दीपावली जैसा माहौल बन गया। क्रिकेट प्रेमियों ने नाच-गाने और ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का उत्सव मनाया। इस दौरान विनीत शर्मा, प्रमोद सिंघानिया, गिरिश शर्मा, घनश्याम केडिया, अमित बिंदल, मनोज मुरारका, पवन मुरारका, विमल केडिया, मोनू बिंदल, विकास वैष्णव, विजय शर्मा, करण ठाकुर, हनी परिहार, कमल शर्मा, सुमित केडिया और नरसिंह केडिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### नगर में खेल भावना को मिलेगा बढ़ावा

इस आयोजन में शामिल क्रिकेट प्रेमियों ने कहा कि यह जीत हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। भारत ने न केवल मैच जीता, बल्कि 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार का बदला भी ले लिया, जिससे यह जीत और भी खास बन गई। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन नगर में खेल भावना को बढ़ावा देते हैं और युवाओं को क्रिकेट के प्रति प्रेरित करते हैं। भविष्य में भी इस तरह के आयोजन किए जाएंगे, जिससे क्रिकेट प्रेमियों को एक साथ मिलकर खेल का आनंद उठाने का अवसर मिल सके।

# इस वर्ष का पहला नेशनल लोक अदालत 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा हीट एण्ड रन योजना एवं आगामी लोक अदालत पर की गई बैठक

उच्चतम न्यायालय बिलासपुर द्वारा रिट पीटिशन (सिविल) राजासीकरण विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य में पारित निर्णय अनुसार द कम्पनसेशन टू विक्टम ऑफ हीट एण्ड रन मोटर एक्सीडेंट के संबंध में बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू एवं ए.के. बाजपयी एडीएम की



बैठक जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि पीड़ित पक्षकार की ओर से क्लेम कम्पनसेशन में क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन पेश करने की प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने एवं एक्सीडेंट के परिणामस्वरूप हुई मृत्यु अथवा गंभीर चोट के लिए कम्पनसेशन निर्धारित करने और पीड़ित पक्ष को क्षतिपूर्ति प्रदान करने हेतु क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को निर्देश दिये।

साथ ही मोटरयान एक्सीडेंट स्कीम 2022 अनुसार क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को संबंधित थाने से फर्स्ट एक्सीडेंट रिपोर्ट (एफ.ए.आर.) एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट संबंधित अधिकारी तथा दुर्घटना होने की सूचना प्राप्ति के एक माह के भीतर ही संबंधित पुलिस अधिकारी थाना प्रभारी (एफ.ए.आर.) की प्रति क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को प्रेषित करेगा और पीड़ित पक्ष को उसके क्षतिपूर्ति, दावा अधिकार के संबंध में समस्त जानकारी उपलब्ध कराने हेतु पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया एवं आगामी नेशनल लोक अदालत 08 मार्च 2025 के संबंध में भी राजस्व मामलों में अधिक से अधिक प्री-सीटिंग कर पक्षकरों के मध्य राजीनामा किये जाने पर भी चर्चा किया। उक्त बैठक में मोहित सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा, निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारीगण की उपस्थिति रही।

# विज्ञान प्रदर्शनी में फिजा प्रथम




**देवकर।** सेजेस में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 9वीं और 11वीं के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी और विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय की छात्रा फ़िज़ा अंजुम ने कार्बन उत्सर्जन को शुद्धिकरण और नियंत्रण करने के लिए मॉडल बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं प्रश्नोत्तरी में महानदी हाउस ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रिंसिपल अनिल दहले ने छात्रों को विज्ञान में नवीन विचारों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए व्याख्याता अंजू वर्मा, ईश्वर साहू, योगेश प्रजापति, दात्री साहू, गुलाबधर साहू आदि ने पूर्ण सहयोग किया ।

# डीईओ डॉ बंजारे ने किया बेरला ब्लाक के परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा विभाग की उड़नदस्ता टीम ने जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के नेतृत्व में बेरला विकासखण्ड के विभिन्न बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदा के कुल 152 में से 150 बच्चे शामिल हुए। इसी तरह बारगांव में 83 में से 83, आनंदगांव में 224 में से 222, बेरला में 110 में से 106 तथा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोढ़ में 250 में से 240 विद्यार्थी शामिल हुए। सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालित हुई। किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण नहीं मिला। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरचट्टी स्कूल का भी आकस्मिक निरीक्षण किया, जहाँ सभी शिक्षक नीलकंठ साहू, हिरकनी साहू, आशीष पांडेय व अन्य शिक्षक साथी भी उपस्थित थे। निरीक्षण टीम में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, तृप्ति वर्मा, अनिल घृतलहरे साथ में थे।

**कल्पना-योगेश तिवारी को 10 और कांग्रेस समर्थित शशिप्रभा को मिले 4 वोट**

# जिला पंचायत में भाजपा का कब्जा, कल्पना अध्यक्ष, खुशबू उपाध्यक्ष बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी शशिप्रभा गायकवाड़ को 4 वोटों से हराया

जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष दोनों पद पर भाजपा का कब्जा हो गया है। अध्यक्ष पद पर जहां कल्पना योगेश तिवारी ने जीत हासिल की, वहीं खुशबू वर्मा उपाध्यक्ष चुन ली गई हैं। 14 सदस्यीय जिला पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने कल्पना योगेश तिवारी को मैदान में उतारा, वहीं, कांग्रेस ने शशि प्रभा गायकवाड़ को प्रत्याशी बनाया। मतदान के बाद हुई मतगणना में भाजपा समर्थित कल्पना योगेश तिवारी को 10 वोट मिले और वे अध्यक्ष घोषित की गईं, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी शशि प्रभा गायकवाड़




को 4 मत मिले। इसी तरह भाजपा समर्थित खुशबू गोविंद वर्मा ने 10 वोट प्राप्त कर उपाध्यक्ष पद पर जीते दर्ज की, जबकि सुशीला जोशी को हार का सामना करना पड़ा। बता दें कि बुधवार को दोपहर दो बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष के लिए नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों की बैठक शुरू हुई। सबसे पहले जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। उसके बाद भाजपा समर्थित कल्पना योगेश तिवारी तथा कांग्रेस समर्थित शशि प्रभा गायकवाड़ ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उसके बाद हुए मतदान में कल्पना योगेश तिवारी को 10 और शशि प्रभा गायकवाड़ को 4 वोट मिले। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग ने विजय प्रत्याशी श्रीमती तिवारी एवं खुशबू वर्मा को विजय प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर भी उपस्थित थीं।

### भाजपा सांसद बघेल सहित नेताओं की रही पैनी नजर

जिला पंचायत चुनाव के दौरान किसी प्रकार की क्रास वोटिंग न हो, इसे लेकर सांसद विजय बघेल ने सख्त हिदायत दे रखी थी। वहीं, वे पूरी चुनावी प्रक्रिया पर पैनी नजर बनाए रखे हुए थे और परिणाम की घोषणा तक जिला पंचायत परिसर में डटे रहे। इस दौरान सांसद बघेल के साथ विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, प्रभारी भरत वर्मा भी मौजूद रहे। वहीं, कांग्रेस की ओर से मौके पर कोई बड़ा नेता की मौजूदगी नहीं थी, हालांकि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा अपने कार्यालय से कमान संभाले हुए थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी व उपाध्यक्ष खुशबू वर्मा की जीत की घोषणा होते ही जिला पंचायत परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जमकर आतिशबाजी की।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### जोरा मॉल से ललित महल तक सर्विस रोड बनाने की मांग

**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साई नगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डा. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी सहित प्रतिनिधिमंडल ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। साथ ही जोरा मॉल से ललित महल तक दोनों तरफ की सर्विस रोड बनवाने के लिए विभागीय केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संज्ञान में लाते हुए जन सुरक्षा के इस कार्य को प्राथमिकता के साथ करने की मांग की है। इस मौके पर समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने बताया कि रायपुर से आरंग रोड नया राजधानी जाने के राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोरा से लेकर ललित महल के दोनों ओर की सर्विस रोड को आज तक नहीं बनाया गया है। इसी कारण आए दिन इस रोड पर यातायात के अत्यंत दबाव के चलते बहुत ज्यादा सड़क हादसे होते रहते हैं। साथ ही इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय भी इसी रोड पर होने से यहां पर शिक्षारत छात्र-छात्राओं, गुरुजनों और अनेकों कर्मचारियों का जोखिम भरा आना-जाना बना रहता है। कृषि महाविद्यालय रायपुर का प्रमुख प्रवेश द्वार सर्विस रोड के अभाव और एक्सीडेंट्स की आशंकाओं के कारण बंद रखना पड़ता है यदि निकट भविष्य में इस क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर नई सर्विस रोड का निर्माण हो जाएगा तो कृषि महाविद्यालय का प्रमुख प्रवेश द्वार को खोला जा सकता है जो की जन सुरक्षा की दृष्टि से सदैव हितकारी होगा।

### अस्पतालों में डिजिटल मिशन योजना पर जोर

**रायपुर।** सरकारी अस्पताल में पेपर वर्क के बजाए ऑनलाइन डिजीटल मिशन की योजना को अपनाने पर जोर दिया गया। पिछले दिन ऑनलाइन स्वास्थ्य प्रणाली का जायजा लेने सचिव अमित कटारिया और संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डा. प्रियंका शुक्ला ने जिला अस्पताल पंडरी का दौरा किया था। उन्होंने आयुष्मान आभा कार्ड, पीएचआर एप, एचपीआर, नेस्टजेन एचएमआईएस के अंतर्गत आने वाले समस्त मॉड्यूल जैसे ओपीडी पंजीयन, ओपीडी क्लिनिक, आईपीडी, लैब इनफॉर्मेशन सिस्टम, रेडियोलॉजी इनफॉर्मेशन सिस्टम, बिलिंग एवं अन्य माड्यूल का अवलोकन किया। इन सभी मॉड्यूल पर चर्चा कर राज्य के सभी अस्पतालों में लागू करने के निर्देश भी उनके द्वारा दिए गए हैं।

### रायपुर क्षेत्र के 60 लाइनमैन का सम्मान

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के गुढ़ियारी स्थित कल्याण भवन में लाइनमैन दिवस पर रायपुर शहर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के 60 लाइनमैन का प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) भीमसिंह कंवर द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा, लाइनमैन वितरण तंत्र की नींव हैं जिसके बूते प्रदेश भर के 64 लाख उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने लाइनमैन स्टाफ को सुरक्षा शपथ दिलाई और आव्हान किया कि सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्यस्थल पर सेफ्टी जोन बना कर शांत मन से कार्य करें। । इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव सिंह, अधीक्षण अभियंता गण अशोक खंडेलवाल, चंद्रमोहन कुमार, महेश ठाकुर सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# परमानेंट किचकिच...रविवि ने पहले 8, फिर 7 बजे किया परीक्षा समय, एक घंटा देर से पहुंचे 20% छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि की परीक्षाओं में बार-बार बदलाव किए जाने की परंपरा स्थायी होती जा रही है। इस बदलाव की जानकारी नहीं मिलने पर छात्रों को होने वाली परेशानी और परीक्षा केंद्र में होने वाली किचकिच भी अब परमानेंट हो गई है। रविवि की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। रविवि ने पूर्व में प्रातः काल की परीक्षा का समय 8 से 11 बजे निर्धारित किया था। कुछ दिनों पूर्व ही इसमें बदलाव करते हुए समय बदलकर सुबह 7 से 10 बजे कर दिया गया। अधिकतर छात्रों ने पुरानी समय-सारिणी को ही डाउनलोड करके रखा था। इसी के अनुसार वे परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। जिन छात्रों को समय-परिवर्तन की जानकारी महाविद्यालय प्रबंधन, सहपाठियों अथवा अन्य संपर्क सूत्र से मिल गई वे 7 बजे तक परीक्षा में शामिल होने पहुंच गए। इसके उलट जिन छात्रों को जानकारी नहीं मिल सकी वे 8 बजे के लगभग ही पहुंचे। ऐसे छात्रों की संख्या कुल परीक्षार्थियों की 20 प्रतिशत रही। अधिकतर महाविद्यालयों ने मानवीय आधार पर इन छात्रों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान कर दी।

- पिछली परीक्षाओं में भी निर्मित हुई थी यह स्थिति, किस्तों में बदली गई है समय-सारिणी

## अधिकतर महाविद्यालयों ने छात्रों को दी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति

### दूसरी शिफ्ट में पहुंच गए 2 घंटे पहले

ना सिर्फ प्रथम शिफ्ट बल्कि दूसरी शिफ्ट के समय में भी रविवि द्वारा परिवर्तन किया गया है। दूसरे शिफ्ट की परीक्षा पूर्व में दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक आयोजित थी। बाद में इसे दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे कर दिया गया। पहली शिफ्ट में विद्यार्थी जहां एक घंटे देर से पहुंचे वहीं दूसरी शिफ्ट में 2 घंटे पहले पहुंच गए। पहले पहुंचने वाले विद्यार्थियों को उतनी दिक्कत नहीं हुई, जितनी विलंब से पहुंचने वाले विद्यार्थियों को। गौरतलब है कि रविवि द्वारा पिछले शैक्षणिक सत्र में भी समय में बदलाव किया गया था। उस दौरान भी छात्रों के समक्ष यही समस्या उत्पन्न हुई थी। छात्रों को आगामी परीक्षाओं में समय से पहुंचने के निर्देश महाविद्यालयों द्वारा दिए गए हैं।



### नहीं मिल सकी सूचना

कई विद्यार्थियों विशेषकर प्राइवेट स्टूडेंट्स को समय-परिवर्तन की सूचना नहीं मिल सकी थी। वे पूर्व में जारी समय-सारिणी के आधार पर ही केंद्र में पहुंचे थे।

*- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, सचिव राइवेट कॉलेज एसोसिएशन*

## वाष्पयंत्र निरीक्षक की परीक्षा 4 मई व सिविल जज की 18 मई को

### पीएससी ने जारी किया शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग वाष्पयंत्र निरीक्षक की परीक्षा 4 मई को आयोजित करेगा, जबकि सिविल जज की परीक्षा 18 मई को आयोजित की जाएगी। दोनों ही परीक्षाओं के लिए पीएससी ने विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। मंगलवार को जारी किए गए शेड्यूल के मुताबिक, वाणिज्य और उद्योग विभाग के अंतर्गत वाष्पयंत्र निरीक्षक की परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके लिए विज्ञापन पिछले वर्ष 17 अक्टूबर को जारी किया गया था। विज्ञापन निकाले जाने के पांच माह बाद परीक्षा शेड्यूल पीएससी ने जारी किया है। इसके लिए केवल राजधानी रायपुर में ही परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। अर्थात प्रदेश के किसी भी हिस्से में रहने वाले परीक्षार्थी को रायपुर आकर ही परीक्षा दिलानी होगी। सिविल जज जूनियर के लिए विज्ञापन 2024 में 23 दिसंबर को निकाला गया था। इसकी परीक्षा 18 मई को होगी। रायपुर के साथ-साथ बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई में भी इसके लिए केंद्र बनाए जाएंगे। यह परीक्षा 10 से 12 बजे दो घंटों की होगी। दोनों ही परीक्षाओं के लिए प्रवेशपत्र 10 दिन पूर्व वेबसाइट में अपलोड किए जाएंगे। किसी भी परीक्षार्थी को पृथक रूप से प्रवेशपत्र प्रेषित नहीं किया जाएगा।

- परीक्षा के 10 दिन पूर्व जारी किए जाएंगे प्रवेशपत्र

***पूछे जाएंगे छग के सवाल :*** पीएससी ने दोनों परीक्षाओं के लिए सिलेबस भी जारी कर दिया है। वाष्प नियंत्रक की परीक्षा तीन घंटों तक चलेगी। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होने वाली इस परीक्षा में दो पार्ट होंगे।

## प्रापर्टी आईडी है, पर मोबाइल नंबर सही नहीं

# 30 हजार बकायादारों के मोबाइल नंबर गलत, 2 माह से ट्रेस करने जुटा निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के आईटी सेल को 30 हजार करदाताओं के मोबाइल नंबर ट्रेस करने में पसीना छूट रहा है। बकाया कर की वसूली के लिए संबंधित करदाता को उनके पंजीकृत मोबाइल पर कॉल कर डिमांड नोट भेजना है, पर इन करदाताओं के मोबाइल नंबर सही नहीं होने से राजस्व विभाग की परेशानी बढ़ गई है। पिछले 2 माह से राजस्व महकमा इसे ट्रेस करने की कोशिश में जुटा है।

- राजस्व महकमे को 350 करोड़ राजस्व वसूली का मिला टारगेट

नगर निगम के राजस्व महकमे को इस वित्तीय वर्ष में शहरभर के करदाताओं से 350 करोड़ की राजस्व वसूली का टारगेट मिला है। इसकी तुलना में अब तक 10 जोन स्थित 70 वार्डों से राजस्व विभाग 177 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली कर पाया। निकाय चुनाव की आचार संहिता सहित अन्य कारणों के चलते राजस्व वसूली की रफ्तार इस बार धीमी रही। ऐसे में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सरकारी अवकाश के दिनों में भी राजस्व विभाग को करदाताओं की सुविधा के लिए जोन स्तर पर राजस्व वसूली शिविर लगाने निर्देश दिये हैं। निगम मुख्यालय में भी करदाताओं की सुविधा के लिए शनिवार और रविवार को प्रापर्टी टैक्स भुगतान के लिए सदर काउंटर खोले गये।

### 30 हजार करदाता तक नहीं पहुंच पा रहा राजस्व महकमा




शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले 30 हजार बकाया करदाता जिनके नाम प्रापर्टी आईडी जारी की गई है, उनके मोबाइल नंबर डेड होने या गलत होने के कारण राजस्व महकमा ऐसे करदाताओं तक नहीं पहुंच पा रहा है। अब बकाया करदाता के मोबाइल नंबर को अपग्रेड करने नगर निगम जुटा हुआ है।

### बकायादार हैं, ट्रेस कर रहे हैं

30 हजार करदाताओं के मोबाइल नंबर गलत होने की वजह से उन्हें ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे करदाता नगर निगम के बकायादार हैं और रायपुर शहर में अलग-अलग इलाके से हैं। उनके मोबाइल नंबर अपग्रेड करने टीम जुटी हुई है।

*- रंजीत रंजन, आईटी हेड सेल, नगर निगम, रायपुर*

## सफाई कर्मचारी काम बंद कर एक साथ बैठे मिले ठेकेदार पर 15 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में एक तरफ जहां केन्द्रीय टीम शहर की सफाई का जायजा लेने आने वाली है, वहीं नगर निगम के वार्डों में ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराये गये 10 सफाई कर्मचारी सुबह 9:30 बजे काम बंद कर एक साथ बैठे मिले। यह नजारा अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने जोन 1 क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण के दौरान प्रत्यक्ष रूप से देखा। यही नहीं, सफाई गैंग के कर्मचारी निर्धारित संख्या से कम मिले। सफाई में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए अनुबंधित ठेकेदार शशांक मिश्रा को तत्काल नोटिस और 15 हजार रुपये जुर्माना स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया।



- अपर आयुक्त स्वास्थ्य अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने नगर निगम जोन 1 क्षेत्र के स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों का निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही और जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव की उपस्थिति में निरीक्षण किया। इस दौरान 15 सफाई कर्मचारी में से 5 अनुपस्थित मिले। डयूटी पर आये 10 सफाई कर्मचारी सुबह 9 :30 बजे काम बंद कर एक साथ बैठे मिले।

अपर आयुक्त ने इस पर सज्ञान लेते हुए जोन 1 के जोन कमिश्नर को जोन सफाई गैंग से संबंधित अनुबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। जोन कमिश्नर ने जोन सफाई गैंग के अनुबंधित ठेकेदार को तत्काल नोटिस जारी करते हुए 15 हजार रुपये जुर्माना किया।

## ब्राइट मार्केटिंग की दुकान में चोरी एक नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के तेलीबांधा इलाके में एक ब्राइट मार्केटिंग की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी नाबालिग है। तीनों के कब्जे से चोरी किए कॉपर पाइप 27 किलो 300 ग्राम, 4 बंडल वायर व नकदी रकम 4300 रुपए जब्त किया गया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 फरवरी की रात में तेलीबांधा गली नंबर-7 स्थित प्रार्थी जहीर सलाट की ब्राइट मार्केटिंग की दुकान है। दुकान में एसी, फ्रीज, वॉशिंग मशीन, माइक्रो वेब एवं अन्य स्पेयर पार्ट्स की बिक्री की जाती है। जहीर घटना वाली रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर अपने घर चला गया। दूसरे दिन सुबह जब वह 11 बजे दुकान पहुंचा, तो शटर के दोनों साइड के लॉक टूटे मिले। अंदर जाकर देखा, तो दुकान में रखे कॉपर पाइप 90-100 किलो, थ्री कोर वायर 4 बंडल, नकदी 60 हजार रुपए नहीं थे। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गौतमराम पटेल 25 वर्ष, गुरूमेन्द्र कुलहरिया ऊर्फ मुचरू 35 वर्ष निवासी तथा अन्य एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी सुभाषनगर देवार पारा के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सामान बरामद किए हैं, जिसकी कीमत 85 हजार रुपए आंकी गई है।


## निजी स्कूलों से पूछी जाएगी मर्जी परीक्षा में शामिल होना है अथवा नहीं?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा अब निजी स्कूलों से पूछा जाएगा कि वे उनके द्वारा आयोजित पांचवी-आठवीं की परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं अथवा नहीं? जो स्कूल इसके लिए सहमति प्रदान करेंगे, उनकी परीक्षा जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा ली जाएगी, जबकि इनकार करने वाले विद्यालय अपने स्तर पर परीक्षा आयोजित करेंगे। गौरतलब है कि अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने निजी स्कूलों को केंद्रीकृत परीक्षा से छूट प्रदान कर दी है। न्यायालय के इस आदेश के बाद निजी स्कूल केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होने अथवा नहीं होने के लिए स्वतंत्र होंगे।

- उच्च न्यायालय ने दी है केंद्रीकृत परीक्षा से छूट, 17 मार्च से होंगी परीक्षाएं
- संकुल समन्वयकों को दिए गए हैं निर्देश 5 मार्च तक देनी होगी सूचना

सोमवार को आए आदेश के बाद जिला और ब्लॉक शिक्षा कार्यालय द्वारा आदेश जारी किया गया है। इसमें संकुल समन्वयकों से कहा गया है कि जिन-जिन संकुलों में निजी विद्यालय संचालित है, उनसे केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होने संबंधी लिखित सहमति या असहमति पत्र 5 मार्च को 1 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा की जाए। इस सहमति अथवा असहमति के आधार पर ही निजी स्कूलों के लिए परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।



### पांचवी से अधिक छात्र आठवी में

जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा प्रश्नपत्र प्रकाशन के लिए मुद्रक के पास भेजा जा चुका है। प्रश्नपत्र छपाई के लिए शालावार छात्र संख्या पहले ही एकत्र की जा चुकी थी। आंकड़ों के मुताबिक, पांचवी कक्षा से अधिक छात्र आठवीं कक्षा में हैं। रायपुर जिले में शासकीय और निजी दोनों विद्यालय मिलाकर पांचवी कक्षा में अध्ययनरत छात्रों की संख्या 35 हजार 873 है। जबकि आठवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या 37 हजार 764 है। गौरतलब है कि पांचवी की परीक्षा 17 मार्च से और आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से शुरू हो रही है।

### 80% नहीं होंगे शामिल

रायपुर जिले में 924 निजी विद्यालय हैं। इनमें से 499 रायपुर शहर में हैं। हमसे सहमति मांगी जा रही है, किंतु जिले के 80% स्कूल इस केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल नहीं होंगे।

*- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन*

## 9 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनरों ने नवा रायपुर में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर मंगलवार को सेवानिवृत्त पेंशनभोगी कर्मचारियों ने अपने 9 सूत्रीय मांग को लेकर मोर्चा खोला। अटलनगर नवा रायपुर स्थित प्रमुख अभियंता जलसंसाधन विभाग कार्यालय के समक्ष कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। प्रमुख मांग में दैनिक वेतन भोगी के रूप में किए गए सेवाकाल को पेंशन गणना में शामिल करने, अवकाश नकदीकरण उपादान सहित अन्य मांग रही। कर्मचारियों ने प्रमुख अभियंता कार्यालय का घेराव किया। नवा रायपुर अटनगर स्थित जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय के सामने सेवानिवृत पेंशन भोगी कर्मचारियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।



प्रदर्शन में भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनिल पाठक, विनोद जैन, बीएस दसमेर, अनिल गोलहानी, आरजी बोहरे, शत्रुघ्न प्रसाद दुबे, नैन सिंह, उमेश सिंह, दाऊ लाल अग्रवाल, संतोष कुमार मिश्रा, अनूप श्रीवास्तव,नागेन्द्र सिंह के साथ महासमुंद, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर, अंबिकापुर, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़ बलौदाबाजार,जिले के कर्मचारी शामिल हुए।

### 9 सूत्रीय मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई

प्रदर्शन के दौरान जलसंसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष इन्द्रजीत उईके प्रदर्शनकारियो के बीच आकर पेंशनर्स महासंघ के प्रतिनिधि मंडल को चर्चा हेतु कार्यालय के कक्ष में आमंत्रित किया। चर्चा में विभाग की ओर से जल संसाधन के प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उईके के साथ महानदी परियोजना के मुख्य अभियंता एस.सी गुरुवर, प्रशासकीय अधिकारी प्रसून शर्मा और पेंशनर महासंघ की ओर से वीरेन्द्र नामदेव, अनिल पाठक, विनोद जैन, बी एस दसमेर सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। 1 घंटे से अधिक समय तक चले बातचीत में 9 सूत्रीय मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई।

# निर्दलियों ने समीकरण बिगाड़ा, दोनों दल के दावेदार एड़ी चोटी का लगा रहे जोर

## रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव की तरीख बदलने पर सियासत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला और जनपद पंचायत अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 4 से 12 तारीख के बीच होने वाले चुनाव में रायपुर जिले में चार जनपद पंचायतें हैं, उनमें धरसीवा, तिल्दा, आरंग, अभनपुर में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ। अब जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव की तारीख 5 मार्च तय की गई थी, उसे बढ़ाकर 12 मार्च कर दिया गया है।

संशोधित आदेश जारी होने के बाद कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस समर्थित सदस्य जिन जिलों जीते हैं, वहां पर नेताओं के सारे प्रयास विफल हो गए, तब कलेक्टर अपने अधिकारों का उपयोग कर समय आगे बढ़ा रहे हैं। जिले में निर्दलियों ने समीकरण बिगाड़ा हुआ है। वहां दोनों दल के दावेदार एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासत शुरू हो गई है। जिले में जिला पंचायत के 16 सदस्यों में आठ सदस्य भाजपा और कांग्रेस के 6 सदस्य चुनाव जीते हैं। दो निर्दलीय सदस्य चुनाव जीते हैं, वे कांग्रेस समर्थित बताए जा रहे हैं। कांग्रेस का मानना है कि जिला पंचायत में उनका अध्यक्ष बनने की पूरी संभावना है। इधर भाजपा भी दावा कर रही है कि उन्हें बहुमत का लाभ मिलेगा और उनका ही अध्यक्ष बनेगा।

कांग्रेस अपने सदस्यों को एकजुट करने के भरसक प्रयास कर रही है। उनका कहना है कि सरकार के दबाव में उनके लोगों को प्रलोभन दिए जा रहे हैं। पूर्व में जिला अध्यक्ष का चुनाव 5 मार्च को तय होना था। कलेक्टर रायपुर ने अब जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के लिए 12 मार्च तय की है। चुनाव की नई तारीख आने के बाद कांग्रेसी अपने सदस्यों को एकजुट रखने फिर से नई रणनीति बनाने में जुटे हैं।

### कानून की धज्जियां उड़ा रहे : वर्मा

रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने कहा, भाजपा जिला पंचायत एवं जनपद में कानून का धज्जियां उड़ानें पर आमदा है जहां जहां कांग्रेस समर्थित जिलों में अध्यक्ष बनने की स्थिति में है वहा नेता, अधिकारी, पूरा प्रशासन के प्रयास भी विफल रहा, तो कलेक्टर रूपी ब्रह्मास्त्र उपयोग कर रहे। सारी हदें पार कर रहे इसका विरोध करते हैं। शासन के इस निर्णय का विरोध करेंगे। **चयन प्रक्रिया का सही तरीके से हो संचालन:** राजधानी रायपुर में शिवरतन शर्मा को पर्यवेक्षक बनाया है। पार्टी के अनुसार पर्यवेक्षकों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे जिला पंचायत अध्यक्ष चयन प्रक्रिया का सही तरीके से संचालन सुनिश्चित करें। पार्टी नेतृत्व की तरफ से यह कदम संगठन की मजबूती और प्रशासनिक प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए उठाया गया है।

## महतारी वंदन योजना में आवेदन प्रक्रिया दोबारा शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में महतारी वंदन योजना को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विपक्ष के सवालों का बड़ी आसानी से जवाब दिया। वहीं, सदन की कार्यवाही के बाद उन्होंने मीडिया से बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना में आवेदन की प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाएगी। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि एक बार फिर महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। आने वाले समय में फिर से आवेदन के लिए पोर्टल खुलेगा। पोर्टल खुलने के बाद आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। नई महिलाओं को इस योजना का लाभ लेने का मौका मिलेगा।

### 69.63 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा लाभ

इससे पहले मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सदन में बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना का लाभ 6963621 महिलाओं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को योजना की पात्रता मापदंड में आने एवं आवेदन करने के कारण योजना के तहत 44425 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 45018 आंगनबाड़ी सहायिका, 973441 विधवा तथा 105520 परित्यक्ता महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# Shri Shankaracharya Professional University Bhilai

*Established under Chhattisgarh Private Universities (Established and Operation) Act,2005 & Under Section 2(f) of UGC Act 1956*

## ADMISSIONS OPEN 2025-26

Toll free no. 1800-547-1065

**Ph D** Journalism & Mass Communication, Physics, Chemistry Life Science(Botany, Zoology, Bio-Tech, Bio-Chemistry,Micro-Biology) Mathematics, Hindi, English, Commerce, Management Pharmacy, Engineering*

### Course offered @ SSPU

**Computer & IT Engineering**
B.Tech(Hons.)
AIML & IoT
Cyber Security & IoT
M.Tech

**Computer Application**
BCA
MCA
DCA
PGDCA

**Management & Commerce**
BBA / MBA
MBA (Part Time)
B.Com
B.Com (Hons.)
M.Com

**Science & Life Science**
B.Sc. (PCB, PCM, CS)
B.Sc. (Hons.) (PCB, PCM, CS)
M.Sc. (PCM) (Biology, Zoology, Micro-Biology Bio-Technology)(Computer Science)

**Health & Allied Health Science**
Master in Hospital Administration

**Education**
Diploma (Nursery Teacher Training)
M.A. (Education)
B.A. / M.A.
P.G. Dip (Yoga)

**Pharmacy**
D. Pharma
B. Pharma, M. Pharma

**Arts & Social Science**
B.A.J.M.C.
M.A.J.M.C.
B.J. / M.J.
B.A. / M.A.
B.Lib.I.Sc. / BSW
M.Lib.I.Sc. / MSW

**Physical Education**
Bachelor / Master (Physical Education & Sports)
Certificate
PG Diploma (Sports coaching)

**Law** LLB, B.A. LLB, B.Com. LLB

### State of Art Infrastructure

Canteen
Well Furnished & Safe Hostel Facility(separate For Boys & Girls)
Recording Room
In-campus medical Facility
Swimming Pool
Gym
Badminton Court
Music Room
Free Wifi
Basketball Court
Auditorium
Library

www.shrishankaracharyauniversity.com
0788-4088810, 0788-4088811, 6232010132, 6232010130

# SHRI SHANKARACHARYA TECHNICAL CAMPUS, BHILAI

ज्ञानादेव तु कैवल्यम्

An NAAC "A"Grade Institute | APPROVED BY AICTE

25 YEARS OF EXCELLENCE

NBA UG COURSES* | NAAC "A" GRADE | nirf 2020, 2021 & 2023 RANK BAND 251-300 | INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL | ARIIA | GREEN MENTORS | ISO 9001:2015 CERTIFIED INSTITUTION

### AICTE Courses offered @ SSTC

**B Tech (CSE)**
CSE
CSE (AI&ML)
CSE (DATA SCIENCE)
CSE (CYBER SECURITY)

**B Tech (Engineering)**
Civil Engineering
Electrical Engineering
ET & T Engineering
Mechanical Engineering

**M Tech**
- AI & Machine Learning
- CS & Engineering
- Geotechnical Engineering
- Power Systems Engineering
- Structural Engineering
- Thermal Engineering
- Transportation Engineering
- VLSI Design

**PhD**
Engineering
Management
Computer Aplications

**MBA** **MCA** **BBA** **BCA**

DIGITAL CAMPUS 2.0 ON Google

MOUS WITH- NASSCOM unicef

NSS President Award

### PLACEMENTS

2955+ Placements in the last 4 years
30+ MoUs
260+ Recruiting Companies
1445+ Internships in the last 4 years

SSTC Placements 2024-25 Continue: Diverse Opportunities

### Our Prominent Recruiters/Top Companies

IBM, HCL HEXAWARE, Tech Mahindra, NUCLEUS SOFTWARE, GRAMONT, accenture, amicus think•do•inspire, MACLEODS, JBM Group, awakeye, jaro education

for CSE, IT, ETC & MCA: Deloitte, OneBanc, Capgemini, Cognizant, tcs
for Mechanical and Electrical: JSW, SISCOL, L&T INDIA
for MBA: ESAF

HIGHEST INTERNSHIP STIPEND-50K/MONTH amazon

www.sstc.ac.in Toll free no. 1800-547-1064 0788-4088888, 9039551113

Find us on

Opp. Shri Shankaracharya Institute of Medical Sciences, Junwani,Bhilai, Chhattisgarh, 490020

## खबर संक्षेप

### सर्वेक्षण के लिए 5 करोड़ का बजट में है प्रावधान

**दुर्ग।** नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने छत्तीसगढ़ के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पहली बार रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो रेल सुविधा के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू होगा। इसके लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया गया है। इस बजट ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के वादों को पूरा किया है। यह बजट वित्तीय प्रबंधन के साथ छत्तीसगढ़ को प्रगति की ऊंचाइयों तक ले जाने वाला साबित होगा। यह बजट राज्य के आर्थिक क्षेत्र को मजबूत करने वाला है।

### बजट से छत्तीसगढ़ की बढ़ेगी रेवेन्यू : खुराना

**दुर्ग।** जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अरविंदर खुराना ने बजट में छतीसगढ़ में विकास के लिए कई प्रावधान रखे। इस बजट में छतीसगढ़ के विकास पे पूरा ध्यान रखा गया है। नगर निगम में विकास के लिए ५०० करोड़ से जिससे नगर निगम के अंतर्गत आने वाले जिलो का भरपूर विकास होगा। लोगो को काम मिलेगा जिससे छतीसगढ़ की रेवन्यू बढ़ेगी। आईटी सेक्टर एवं पॉलिटेक्निक सेक्टर के लिए भी १०० करोड़ का प्रावधान दिया गया। जिससे युवा ट्रेनिंग करेंगे, जिससे युवाओं को रोजगार मिलने पर पूरा ध्यान दिया गया है।

### बजट से राहत नहीं: कमलेश सिंह

**दुर्ग।** छग पटवारी प्रदेश संघ के संरक्षण कमलेश सिंह ने कहा ऑनलाइन भुइयां कार्य को बढ़ावा देने के लिए और दूर दराज के कृषकों को लाभ पहुंचाने हेतु, पटवारियों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाने बजट में 15 करोड़ की प्रवधान किया गया है। इस कार्य हेतु पटवारियों को विशेष भत्ता दिए जाने हेतु बजट में प्रावधान करने को कृषक हित में उचित ठहराया है और इससे पटवारियों की कार्य क्षमता में वृद्धि होगा।

### कोटनी में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने किया शपथ ग्रहण

**दुर्ग।** ग्रामीण ग्राम पंचायत कोटनी में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सरपंच रामसिंह निषाद ने सरपंच के तौर पर शपथ ग्रहण कर ग्राम विकास को बढ़ाने एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचा कर उनका लाभ पहुंचाने और बिजली, पानी, सड़क के साथ जनता कि मुलभूत सुविधाएं प्रदान करने की शपथ ली। नवनिर्वाचित पंचों ने भी ग्राम पंचायत का विकास पर एक मत होकर शपथ लिया। समारोह में पंचायत अधिकारी के रुप में सचिव नरोत्तम साहू ने शपथ दिलाई। शपथ लेने रामसिंह निषाद, सरपंच पद पर पंच पद पर भारती निषाद, मधु लता निषाद, कांति निषाद, ज्योति ठाकुर, मालती निषाद, निर्मला निषाद, हीरामन निषाद, गणेश्वर निषाद, सुमन निषाद, महेंद्र रिगरी, हितेश्वरी साहू शामिल रहे। इस अवसर पर प्रीतम यादव खिलेश्वर निषाद विजय राजपूत गोकुल यादव तोमन यादव गौतरिया निषाद हेमंत विश्वकर्मा टीकाराम कुर्रे दुलेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## आयोजन : डाइट बेमेतरा में हुई राज्य स्तरीय टीचिंग प्लान प्रतियोगिता

# डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने विभिन्न विषयों पर बनाए टीचिंग प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रायपुर, छत्तीसगढ़ और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष भी टीचिंग प्लान कम्पटीशन का आयोजन किया गया। इसी क्रम में डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों के लिये टीचिंग प्लान प्रतियोगिता का आयोजन टीचेबल वेब एप द्वारा 5 मार्च को जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा में किया गया।



प्रतियोगिता में सभी छात्राध्यापकों के लिये पर्यावरण विज्ञान, विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में से कुछ चुनिंदा केस एवं चुनौतियाँ दी गईं। जिसमें से सभी प्रतिभागियों ने अपने पसंद के विषय के की चुनौतियों को चुन कर उस पर टीचिंग प्लान योजना का निर्माण किया एवं उसे टीचेबल वेब एप पे अपलोड किया एवं हार्ड कॉपी जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा में जमा किया। इस दौरान जमा की गई कुल कापियों में से सबसे बेहतर 2 टीचिंग प्लान (एक प्राथमिक और एक उच्चतर प्राथमिक) का चयन करके जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 10 मार्च तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रायपुर, छत्तीसगढ़ और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के दिये गए ईमेल पे भेजा जाएगा। इस पूरे आयोजन में सभी छात्राध्यापकों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। आयोजन की शुरुवात में जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे एवं सेवा-पूर्व प्रशिक्षण खंड के प्रभारी अनिल सोनी तथा अन्य फेकल्टिस ने छात्राध्यापकों को सफलता पाने हेतु प्रेरित किया। आयोजन के पश्चात विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किये।

### प्रतियोगिता का फाइनल 5 अप्रैल को

आगामी कड़ी में 5 अप्रैल को प्रत्येक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से 2 बेस्ट टीचिंग प्लान बनाने वाले 2 छात्राध्यापकों यानि कुल 18 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से चयनित कुल 36 छात्राध्यापकों के साथ इस प्रतियोगिता का फाइनल राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा। प्राथमिक और उच्चतर प्राथमिक दोनों श्रेणी से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्राध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान से प्राचार्य जे के घृतलहरे, पीएसटीई अनिल सोनी, कार्यक्रम की प्रभारी व्याख्याता श्रद्धा तिवारी एवं स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन से रघुनाथन नायर उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक छाबड़ा ने सरकार के बजट को बताया निराशाजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार द्वारा विधानसभा में 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट को निराशाजनक करार दिया है। उन्होंने कहा है कि इस बजट में छत्तीसगढ़ राज्य के आधार स्तंभ यहां के किसानों के लिए इस सरकार ने इस बजट में किसी भी प्रकार से कोई प्रावधान नहीं किया है, न ही किसानों को किसी प्रकार से छूट दी गई है और न ही उनके लिए कोई नई योजना लाई गई है। उन्होंने कहा कि मात्र कागजी घोड़ा दौड़ने का कार्य वित्त मंत्री ने किया है। एक ही घोषणा को हर बजट में दोहराकर आम जनता को बेवकूफ बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को वास्तविक विकास तथा आम जनता से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि ठीक इसी तरह जिले के तीनों विधायक जिसमें से एक मंत्री भी हैं, उसके बाद भी बेमेतरा जिले को किसी भी तरह से कोई सौगात न मिलाना, इन जन प्रतिनिधियों की नाकामी है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि बजट में विशेष रूप से बेमेतरा जिले को उपेक्षित किया गया है।

## उज्जवल ने उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा



**थानखम्हरिया।** नगर के उज्जवल अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। उज्जवल ने इंटर ग्रुप में 407 अंक प्राप्त कर यह प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की। उज्जवल अग्रवाल, जो कि नितेश अग्रवाल (रायपुर) के सुपुत्र हैं, ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा, मेरे अभिभावकों और शिक्षकों ने हमेशा मुझे प्रेरित किया और उनकी सलाह से ही मैंने निरंतर मेहनत की।

## राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 23 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

23 मार्च को राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान की तैयारी को लेकर एक दिवसीय राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बेमेतरा जिला से उल्लास कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार झा,जिला रिसोर्स पर्सन भुवन लाल साहू एवं तकनीकी रिसोर्स पर्सन हरीश वर्मा शामिल हुए। उक्त कार्यशाला में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के संयुक्त निदेशक श्री अश्विनी कुमार ने उल्लास पोर्टल में पंजीयन व प्रमाणीकरण हेतु ऑनलाइन जुड़कर प्रशिक्षण प्रदान किया ।

■ अभियान की तैयारी को लेकर हुआ एक दिवसीय राज्यस्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

यह कार्यक्रम एससीईआरटी व राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की डायरेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित की गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन एडिशनल डायरेक्टर जे. पी. रथ द्वारा किया गया 1 इस अवसर पर असिस्टेंट डायरेक्टर प्रशांत पांडेय व असिस्टेंट डायरेक्टर दिनेश कुमार टांक व राज्य साक्षरता केंद्र के प्रकोष्ठ प्रभारी डेकेश्वर वर्मा उपस्थित थे।ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के लगभग 5 लाख शिक्षार्थी राष्ट्रीय व्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा में शामिल होंगे उन्हें स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा निशुल्क अध्यापन कराया जा रहा है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए एडिशनल डायरेक्टर जेपी रथ ने असाक्षरों से संबंधित एक गाँव का वास्तविक उदाहरण देते हुए उल्लास कार्यक्रम के बारे में बताया और कहा की यह कार्यक्रम कई व्यक्तियों के जीवन को बदल दिया है। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के सहायक संचालक व उल्लास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रशांत कुमार पांडेय द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा की प्रक्रिया, पंजीयन, उल्लास परीक्षा केंद्रों का संचालन ,सावधानी, दसवीं व बारहवीं के छात्र स्वयंसेवकों को बोनस अंक प्रदान करने की प्रक्रिया, राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा अभियान में छत्तीसगढ़ का नवाचार, उल्लास पोर्टल का समुचित उपयोग ,जनप्रतिनिधियों व पंचायती राज प्रतिनिधियों की उल्लास कार्यक्रम में भूमिका ,मॉनिटरिंग, एनआईओएस द्वारा प्रदान किए जाने वाले सर्टिफिकेट हेतु ऑनलाइन, ऑफलाइन शिक्षार्थियों के मूल्यांकन रिपोर्ट की समय सीमा में प्रविष्टि इत्यादि के बारे विस्तार से बताया।

### सात अध्याय को 200 घंटे में पूर्ण करने वाले प्रौढ़ शिक्षार्थी होंगे शामिल

उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा अभियान में प्रवेशिका के सात अध्याय को 200 घंटे में पूर्ण करने वाले प्रौढ़ शिक्षार्थियों को शामिल कराया जाएगा। एसएलएमए के सहायक संचालक व योजना व वित्त के प्रभारी अधिकारी दिनेश कुमार टांक द्वारा महापरीक्षा की तैयारी हेतु वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी। बेमेतरा में भी कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में 23 मार्च को राष्ट्र व्यापी महा परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिले के समस्त असाक्षरों से अपील की है कि जिन्होंने 200 घंटे एवं प्रवेशिका के 7 अध्याय की पढ़ाई पूर्ण कर ली है वे सभी इस महा परीक्षा में सम्मिलित हों एवं नव साक्षर होने का सम्मान प्राप्त करें। साथ ही स्वयंसेवी शिक्षकों, ग्राम, संकुल,ब्लॉक एवं जिला प्रभारियों से इस महा परीक्षा की संपूर्ण तैयारी करने तथा जिले मे इसका सफ़ल आयोजन सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

## परिवार में एकता व हृदय में देश प्रेम की भावना अत्यंत आवश्यक, पर दोनों कम होती जा रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा में गत दो दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण में आज तृतीय दिवस की कथा सुनाते हुए वृंदावन से आए कथा वाचक प्रमोद कृष्ण दास ने परिवार प्रबंधन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में खूब प्रगति हो रही है। हम खूब धन अर्जित कर रहे हैं सुख सुविधाओं की कमी नहीं है, किंतु हम दो चीजों को पीछे छोड़ आए हैं। हमारे पास सब कुछ होते हुए भी परिवार में एकता और युवाओं के हृदय में राष्ट्रीयता अथवा देश प्रेम की भावना समाप्त होती जा रही है। आज का युवा इस देश को सिर्फ एक प्लेटफार्म की तरह उपयोग कर रहा है। उसने बचपन यहां गुजारा सब कुछ सीखा यहां से किंतु सेवा विदेश में देनी है। हमारे हृदय में या तो देश प्रेम देश के प्रति निष्ठा दिखती नहीं और अगर दिखती है तो सिर्फ दिखावे के लिए। राष्ट्र प्रेम के नारे तो हम लगाते हैं, किंतु उसका पालन नहीं करते।

■ ओटेबंद बगीचा में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचक प्रमोद कृष्ण दास ने जताई चिंता





### परिवार के साथ रहना आज की जनरेशन को पसंद नहीं

प्रमोद कृष्ण दास ने कहा कि दूसरी तरफ हमारे परिवार विखंडित होते जा रहे हैं। यहां हर किसी को अपनी गोपनीयता चाहिए। इसलिए अकेले रहना है। परिवार के साथ रहना आज की जनरेशन को पसंद ही नहीं है और अच्छे समाज और प्रगतिशील अथवा विकसित राष्ट्र बनने के लिए इन दोनों की विशेष आवश्यकता है। नहीं तो वह दिन दूर नहीं, जब सनातन पद्धति पर चलने वाला भारत देश जिसका गुणगान संपूर्ण विश्व में होता है, पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर पतित हो जाएगा।

## भाठागांव आर के नवनिर्वाचित सरपंच सहित पंचों ने ली शपथ



**गुण्डरदेही।** ग्राम भाठागांव आर के नवनिर्वाचित सरपंच रुपेश्वर कुमार यादव एवं सभी 14 पंचों ने शपथ ली। पंचायत के सचिव अश्वनी साहू ने सरपंच रूपेश्वर कुमार सहित सभी पंचों मंजू ठाकुर, भमीनी साहू, यशवंत मेश्राम, कविता साहू, बसंत मेश्राम, धनेश्वरी ठाकुर, नागेश्वरी साहू, भुनेश्वरी देवांगन, टिकेश्वरी साहू, चित्रकांत कतलम, खेदिया बाई यादव, नीता बंजारे राधा रात्रे व देवला बाई ठाकुर को शपथ दिलाई। सरपंच रुपेश्वर यादव ने कहा कि ग्रामीणों ने मुझ पर विश्वास जताकर सरपंच बनाया है, उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करुंगा। हम सब मिलकर गांव का विकास करेंगे और शासन की हर योजना का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाया जाएगा।

इस अवसर पर जनपद सदस्य कौशल साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष लेखराम साहू, पूर्व सरपंच शशिकला साहू, रुखमनी केके साहू, ठाकुर राम चन्द्राकर, सलीम खान, विष्णु प्रसाद बंजारे, नारायण यादव, अघनु राम यादव, बिसनाथ ठाकुर, टीकम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सहायक शिक्षक रविन्द्र कुमार को मिला शिक्षादूत पुरस्कार



**अंडा।** संयुक्त जिला कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सम्मानित किया। विकासखंड गुण्डरदेही से शासकीय प्राथमिक विद्यालय परसदा(डग), संकुल परसदा के सहायक शिक्षक रविन्द्र कुमार चन्द्राकर को शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री चंद्राके सम्मानित होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर, खेमराज साहू, बीआरसी किशोर साहू, संकुल समन्वयक शैलेन्द्र पाण्डेय, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, सत्यवती साहू सरपंच, भूतपूर्व सरपंच कुलदीप साहू, रेशमा साहू अध्यक्ष, विनोद साहू, नीलाम्बर साहू, हिलेश्वर साहू शाला प्रबंध समिति परसदा के समस्त सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

## मचौद में की गई भगवान श्री सत्य सांई की पूजा


**गुण्डरदेही।** ग्राम मचौद में आंध्रप्रदेश के पुट्पर्थी से लाए गए भगवान श्री सत्य सांई के फोटो की स्थापना उर्मिला गोपाल दास बंजारे के घर की गई है। इस अवसर पर ग्राम की गलियों में वेद पाठ के साथ भजन कीर्तन करते हुए रथ के पीछे-पीछे भक्त जन बंजारे निवास पहुंचकर स्थापना की। अनिल कटहरे ने कहा कि मायावी संसार में हमसे कब लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन हो जाता है, पता नहीं चलता। इससे जीवन में अलग-अलग तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव भगवान से जुड़े होने से उनकी कृपा व आशीर्वाद से वे सभी दुख परेशानी सरलता से सहने लायक हो जाते हैं। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच और केशव साहू, चूनू राम चंद्राकर, उर्मिला बंजारे, दीपलता नेताम सभी को शाल श्री फल, तिलक लगाकर सम्मान किया गया है।

# बालोद राज ठेठवार यादव संगठन का वार्षिक अधिवेशन 23 को, चुने जाएंगे नए पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आगामी 23 मार्च को बालोद राज ठेठवार यादव संगठन का वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। अधिवेशन में 3 वर्षों के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। परस्पर सहमति बनाने के लिए सभी 13 मंडलों के नये अध्यक्ष और 80 गांव के ग्राम प्रमुख अपने ग्रामों में बैठक लेंगे तथा निर्णय की जानकारी 16 मार्च को ठेठवार भवन बालोद में आयोजित बैठक में देंगे। बैठक में 9 मार्च को राजिम में आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है। एक वाहन ग्राम झुरहाटोला से उमेश यादव के नेतृत्व में प्रातः 8 बजे निकलकर आमाडुला, कोचवाही, कनेरी, गुरुर क्षेत्र के सदस्यों को लेते हुए राजिम पहुंचेगी। दूसरा वाहन हेमंत यादव के नेतृत्व में लाटाबोड़, बालोद, तरौद, घुमका, अर्जुंदा, सकरौद होते हुए राजिम जाएगा। 23 मार्च को बालोद राज के वार्षिक अधिवेशन में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को तथा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में विजयी उम्मीदवारों को सम्मानित किया जाएगा। इनकी सूची तैयार कर लाने की जिम्मेदारी मंडल अध्यक्षों को दी गई है।

■ समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों व चुनाव में विजयी उम्मीदवारों का किया जाएगा सम्मान



### आदर्श विवाह के लिए दे सकते हैं आवेदन

बालोद राज के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद यादव ने अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में युवाओं तथा मातृ–शक्तियों को शामिल होने का आग्रह किया है। आदर्श विवाह के इच्छुक सदस्यों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। बैठक का संचालन महासचिव पवन यादव ने तथा आभार व्यक्त संरक्षक शिवप्रसाद यादव ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव तथा कार्यालय सचिव जयप्रकाश यादव ने दी। बैठक में प्रमुख रुप से कृष्णकुमार, शिवभजन, सनत, ओमप्रकाश, रामस्वरुप, रामेश्वर, रंजीत, राजेश, ताम्रध्वज, नूपेंद्र, अरुण, कुलेश्वर, राजेंद्र, संचित, जनक, नारद उपस्थित थे।

